# शिखर 4

## पाठ 5. पेड़

### कविता का उद्देश्य

प्रस्तुत कविता का उद्देश्य पेड़-पौधों की उपयोगिता बताना तथा उनके अभाव में होने वाली कठिनाइयों, हानियों तथा जीव-जंतुओं पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रकट करना है।

### कविता का सारांश

पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। इनके बिना जीवन असंभव है। पेड़ हमें छाँव देते हैं तथा हमारे द्वारा छोड़ी गई गंदी हवा खींचकर हमें शुद्ध हवा देते हैं। पेड़ वर्षा कराने में सहायक होते हैं। अगर हम पेड़ों को अंधाधुंध काटते रहे तो हमें प्राणवायु कहाँ से मिलेगी! प्राणवायु के बिना हमारी ज़िंदगी रुक जाएगी। अतः हमें अपना जीवन और पर्यावरण दोनों को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। यही इस कविता का सार है।

### अध्यापन संकेत

कविता का सस्वर वाचन करें। बच्चों से कविता का एक-एक अंश पढ़वाएँ। बच्चों को पेड़-पौधों का महत्त्व समझाएँ।

- ❖ बताएँ कि पेड़-पौधों में भी परोपकार की भावना होती है।
- ❖ समझाएँ कि किस प्रकार पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड लेते और हमारे लिए प्राणवायु के रूप में ऑक्सीजन देते हैं।
- ❖ बच्चों से पूछें, सोचो यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो क्या होगा?
- ❖ बताएँ कि वर्षा को लाने में भी पेड़-पौधे मुख्य भूमिका निभाते हैं।
- ❖ कविता की पंक्तियों का भाव स्पष्ट करें।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से कविता की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर कविता के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।